संत थॉमस स्कूल धुर्वा, रांची 4

सत्र 2020-21

कक्षा - **7**

विषय- **हिंदी** **मॉडल उत्तर** पुस्तक-**मंथन**

पाठ 10- जुम्मन

शब्दकोश

दुपहिया -दो पलों वाली , धूमिल -धुँधला , मुख्तार- वकील, सिद्धहस्त- निपुण ,

मुद्रा- आसन, खपरैल- मिट्टी को पकाकर बनाए गए छोटे-छोटे टुकड़े जिनसे छत बनाई जाती है,

जीमना- भोजन करना, भाँड़- मसखरा,ठिठोलिया, मुबारकबादी-बधाई,

चेष्टा-कोशिश, इजाजत-अनुमति, फ़ाक़ा-खाने का अभाव, उपला- कंडा

मौखिक

1. लेखक के पिता और जुम्मन का क्या संबंध था?
उत्तर - लेखक के पिता और जुम्मन बचपन के दोस्त थे |

2. किन अवसरों पर जुम्मन के पास काम अधिक हो जाता था ?
उत्तर - दशहरा, होली और ईद के पहले जुम्मन के पास काम अधिक हो जाता था|

3. गाँव के जमींदार जुम्मन को कपड़ों की सिलाई किस रूप में देते थे?
उत्तर - गाँव के जमींदार जुम्मन को कपड़ों की सिलाई फसल के समय जुम्मन के घर अनाज पहुँचा देते थे और कभी-कभी खलिहान में जाकर उनके लड़के अनाज ले आते थे |

4. गाँव के दशहरे के उत्सव में जुम्मन किस प्रकार भाग लेते थे?
उत्तर - गाँव के दशहरे के रामलीला में जुम्मन भाग लेते थे | वे वानरी और राक्षसी सेना के वस्त्रों की मरम्मत बिना पैसे लिए करते थे | राजगद्दी के समय भाँडो के स्वांग मे सम्मिलित होते थे और लय से रामराज्य की मुबारकबादी गाते थे |

लिखित (लघु उत्तरीय प्रश्न)

1. जुम्मन किसके पुश्तैनी दर्जी थे ?
उत्तर - जुम्मन लेखक के पुश्तैनी दर्जी थे |

2. फसल के समय जुम्मन के घर क्या पहुँच जाता था ?
उत्तर - फसल के समय जुम्मन के घर अनाज पहुँच जाता था |

3 जीमने के बाद जुम्मन क्या साथ ले जाते थे ?
उत्तर- जीमने के बाद जुम्मन परोसा साथ ले जाते थे |

4 लेखक किस के विवाह में गाँव गया था?
उत्तर- लेखक अपने संबंधी के लड़के के विवाह में गाँव गया था |

5 दो साल पहले जुम्मन का लड़का क्या खरीद लाया था?
उत्तर- दो साल पहले जुम्मन का लड़का सिलाई मशीन खरीद लाया था|

<u>उत्तर (दीर्घउत्तरीय प्रश्न)</u>

1 बचपन में देखा जुम्मन का कौन सा रूप लेखक को बड़ा होने पर भी याद रहा ?

उत्तर - बचपन में लेखक ने जुम्मन को लुंगी के ऊपर मलमल का कुर्ता , सिर पर दुपलिया लखनवी टोपी, जिसके नीचे से निकले हुए उनके सँवारे हुए लंबे लंबे गंगा-जमुनी बाल, चेहरे पर दाढ़ी, कंधे पर कपड़ा नापने का फ़ीता और दाहिने हाथ में दरज़ियो की कैंची, जुम्मन का यह रूप बड़ा होने पर भी लेखक को याद रहा|

2 कपड़ों पर कैची चलाते जुम्मन की तुलना लेखक में किन-किन से की है?

उत्तर - कपड़ों पर कैची चलाते समय जुम्मन की तुलना चित्रकार और मूर्तिकार से की है। जिस प्रकार चित्रकार अपने सर्वोत्तम चित्र पर तूलिका से रंग भरता है अथवा सिद्धहस्त मूर्तिकार छैनी के अंतिम प्रहारों से अपनी मूर्ति का रूप निखारता है उसी प्रकार वे काफी एकाग्रता के साथ काम करते थे|

3. जुलाहे शहर से सिलाई की मशीन क्यों ले आए ?

उत्तर - जुलाहे शहर सिलाई की मशीन ले आए थे क्योंकि गांव के लोग अब विलायती कपड़े पसंद करने लगे थे और वे हथकरघे के मोटे कपड़े लेने बंद कर दिए थे | वे लोग नए फैशन के कपड़े पसंद करने लगे थे | इससे घर में खाने का अभाव होने लगा था |

4. जुम्मन की आँखों से आँसू किस दुःख के कारण टपक पड़े ?

उत्तर - धीरे धीरे लोग जुम्मन के पास आना छोड़ दिए| शादी विवाह में बुलाना छोड़ दिए थे | उससे लोग मुँह चुराने लगे थे | गांव के लोगों के इस प्रकार के आचरण से जुम्मन की आँखों से दुःख के आँसू टपक पड़े|

<u>पठित गद्यांश प्रश्न</u>

1. लेखक ने जुम्मन को पहली बार किस आयु में देखा था |
उत्तर - 7 वर्ष

2. लेखक कितने साल बाद गाँव लौटकर आया ?
उत्तर - 8 साल

3. शहर से सिलाई मशीन कौन खरीद कर लाया ?
उत्तर - जुम्मन के लड़के

4. इस पाठ के लेखक का क्या नाम है ?
उत्तर - वंशीधर श्रीवास्तव